दैनिक जागरण inext

PAGE NO : II TOP

विद्या वर्ल्ड ने मिशन को हरा कर जीती ट्रॉफी

4 मैचों में 318 रन बनाने के लिए लक्ष्य को दी गई बेस्ट बैट्समैन की ट्रॉफी

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (19 April): एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से आयोजित पंचम श्रीराम मूर्ति मैमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में विद्या वर्ल्ड ने चैंपियन ट्राफी हासिल की. टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मिशन एकेडमी के गेंदबाजों के सामने विद्या वर्ल्ड के बल्लेबाज लक्ष्य शर्मा दीवार की तरह खड़े हुए. जिन्होंने मिशन के आक्रमण का करारा जवाब दिया. 3 छक्कों और 13 चौकों की मदद से 53 गेंदों पर 98 रन बनाए. लक्ष्य को ही फाइनल में मैन आफ द मैच चुना गया.

लक्ष्य बेस्ट बैट्समैन

टूर्नामेंट के 4 मैचों में 318 रन बनाने के लिए लक्ष्य शर्मा को ही टूर्नामेंट का बेस्ट बैट्समैन घोषित किया गया. टूर्नामेंट के 4 मैच में 312 रन बनाने के साथ 4 विकेट लेने वाले मिशन एकेडमी के आल राउंडर खिलाड़ी और कप्तान असद नदफ प्लेयर आफ द टूर्नामेंट बने. जबकि सेंट फ्रांसिस के सुखप्रीत को बेस्ट बालर घोषित किया गया. जिन्होंने टूर्नामेंट के 3 मैच में 10 विकेट हासिल किए. विजेता और उपविजेता टीम और सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार और ट्राफियां मुख्य अतिथि भोजीपुरा के विधायक शहजिल इस्लाम, एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति जी, सचिव आदित्य मूर्ति जी, बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना, ज्वाइंट सेक्रेटरी ओपी कोली ने प्रदान किए.

एक नजर में मैच

एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी स्थित श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में गुरुवार को पंचम श्रीराम मूर्ति मैमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच हुआ. मिशन के कप्तान असद नदफ ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. लेकिन विद्या वर्ल्ड के गेंदबाजों के सामने मिशन एकेडमी की टीम ने कप्तान असद (54 रन, 45 गेंद, 6 चौके, 1 छक्का), अरुण कुमार (12 रन, 19 गेंद, 1 चौका), साहिल यदुवंशी (55 रन, 32 गेंद, 7 चौके, 2 छक्के) और विशाल गंगवार (10 रन, 7 गेंद, 1 छक्का) की मदद से 146 रन बनाए. चार बल्लेबाजों को आउट कर अब्दुल जवाद ने मिशन की टीम पर नियंत्रण बनाए रखा. लक्ष्य का पीछा करने उतरी विद्या वर्ल्ड को पहला झटका पांचवें ओवर में लगा जब 34 रन के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज ऋषभ गौतम 4 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए. लेकिन लक्ष्य शर्मा (98 रन, 53 गेंद, 13 चौके, 3 छक्के) के सामने मिशन एकेडमी के गेंदबाज बिखर गए और लक्ष्य ने अपने कप्तान अमन कुमार (37 रन, 35 गेंद, 3 चौके) की मदद से टीम को विजय के नजदीक पहुंचाया. हालांकि मिशन के कप्तान ने असद ने 17वें ओवर में अपनी ही गेंद पर लक्ष्य को कैच कर विद्या भवन को बड़ा झटका दिया. लेकिन तब तक विद्या वर्ल्ड के 140 रन बन चुके थे. जिसे आसानी से अमन और दिव्यांश ने पूरा कर लिया. नतीजा विद्या वर्ल्ड ने 8 से मिशन एकेडमी को हरा कर पंचम श्रीराम मूर्ति मैमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया. पिछले वर्ष की तरह ही मिशन एकेडमी की टीम उप विजेता रही.